nt>

Title: Situation arising out of rising prices of essential commodities in the country.

श्री अविनाश राय खन्ना (होशियारपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से देश में आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में हो रही बढ़ोत्तरी की तरफ सदन का ध्यान दिलाना चाहता हूं। आज आम लोगों की जरूरत की आम चीजें उसकी पहुंच से बाहर हो चुकी हैं। किसानों को भी उसका फायदा नहीं हो रहा है। लेकिन जो सटोरिए हैं, उनको भरपूर लाभ हो रहा है। मैं सरकार से निवेदन करूंगा कि आवश्यक वस्तुओं की इस तरह से जो कीमतें बढ़ रही हैं, उनको नियंत्रित करने के लिए आम उपभोक्ताओं के लिए सरकार कदम उठाए। कल टी.वी. में एक चैनल में दिखाया जा रहा था कि देश में भुखमरी से काफी लोगों की मौत हुई है। यह बहुत चिंता का ि वाय है इसलिए सरकार इस पर ध्यान दे।